# चौथा भारत-यूरोपीय संघ शहरी फोरम

[स्रोत: पी.आई.बी](#).

नई दिल्ली में आयोजित चौथे भारत-यूरोपीय संघ शहरी फोरम के तहत **संधारणीय शहरी विकास की दिशा में भारत-यूरोपीय संघ सहयोग** को मज़बूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

## भारत-यूरोपीय संघ शहरी फोरम:

- **परिचय:**
  - **यह स्मार्ट और संधारणीय शहरीकरण** पर भारत और यूरोपीय संघ (EU) के बीच **समन्वय एवं सहयोग** हेतु एक उच्च स्तरीय फोरम है, जिसे **स्मार्ट तथा संधारणीय शहरीकरण हेतु साझेदारी पर वर्ष 2017 की संयुक्त घोषणा** के हिस्से के रूप में स्थापित किया गया।
- **उद्देश्य:**
  - यह स्थायी शहरी विकास के लिये सर्वोत्तम प्रथाओं, नीतियों और नवीन समाधानों के आदान-प्रदान के क्रम में **अधिकारियों, विशेषज्ञों तथा हितधारकों के बीच चर्चा** की सुविधा प्रदान करता है।
- **लक्षित क्षेत्र:**
  - **शहरी अलायंस और एकीकृत दृष्टिकोण**, **नवाचार** और **समावेशी शहरी गतिशीलता।**
  - यह [यूरोपीय संघ की ग्लोबल गेटवे रणनीति](#) (स्थायी निवेश हेतु) और **भारत के शहरी विकास मिशन** (जैसे **स्मार्ट सिटी मिशन**) के अनुरूप है।
- **भारत को समर्थन:**
  - वर्ष 2017 से यूरोप ने **जलवायु-स्मार्ट विकास, गतिशीलता, अपशिष्ट प्रबंधन** और **जलवायु कार्रवाई** में **40 से अधिक भारतीय शहरों** का समर्थन किया है तथा **9000 करोड़ रुपए** से अधिक का निवेश किया है।

## शहरी क्षेत्रों से संबंधित सरकारी पहल:

- [स्मार्ट सिटी](#)
- [अमृत मिशन](#)
- [आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम](#)

**और पढ़ें:** [**भारत के शहरी परिदृश्य में सुधार**](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/4th-india-eu-urban-forum